विचार-प्रवाह...
फैसले की टाइमिंग




# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 20 फरवरी 2024




मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0°

72708.16

2 इजरायल की मदद को आया भारत

7 इंडिया ने इंग्लैंड की गलतियों का उठाया फायदा

# हर गरीब तक मोदी की गारंटी की गाड़ी

## पीएम ने ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार निवेश परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इससे 34 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, जो यूपी को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सीएम योगी आदित्यनाथ के सपने को पूरा करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश गर्व करता है कि यूपी एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों से भी अपील की है कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए कि कैसे वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लिए काम किया जाता है। आज यूपी बदल रहा है विकास के रास्ते पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

मोदी ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए 4 करोड़ पक्के घर बनाए हैं तो साथ ही शहरों में रहने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों को अपने घर का सपना पूरा करने के लिए हमने लगभग 60000 करोड़ रुपए की मदद की। इससे शहरों में रहने वाले 25 लाख मध्यम वर्गीय परिवारों को सुविधा मिली है जिसमें डेढ़ लाख परिवार यूपी के हैं। डबल इंजन सरकार का मकसद है कि कोई भी लाभार्थी किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे। हाल ही में जो विकसित भारत संकल्प यात्रा हुई है इसमें भी यूपी के लाखों लाभार्थियों को उनके घर के पास ही योजनाओं से जोड़ा गया।

### यूपी में पर्यटन का हब बनने की संभावना है



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूपी में देश का सबसे बड़ा टूरिस्ट हब बनने की संभावना है। लाखों लोग वाराणसी और अयोध्या में आ रहे हैं। मैं देश के सभी पर्यटकों से अपील करता हूं कि जब कहीं घूमने जाने की प्लानिंग करें तो अपने पूरे बजट का 10 प्रतिशत वहां से खरीदारी करने के लिए रखें।

### भारत रत्न पर सिर्फ एक ही परिवार का हक मानते थे

पीएम मोदी ने इस मौके पर किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भी याद किया। हमारी सरकार को उन्हें भारत रत्न देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उनका सम्मान देश के गरीब, मजदूर और किसान का सम्मान है। चौधरी साहब को राजनीतिक सौदेबाजी से नफरत थी लेकिन कांग्रेस ने इसका स्वागत नहीं किया और संसद में उन पर बोलने ही नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर सिर्फ एक ही परिवार का हक मानते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम किसानों को लाभ देने के लिए काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने देश की एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया है। हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में देश की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। इससे लोगों की क्रयशक्ति बढ़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बनने वाले डिफेंस कॉरिडोर और उद्योगों से भी एमएसएमई को लाभ होगा। पीएम मोदी ने कहा कि सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलना ही सच्चा सामाजिक न्याय और सेकुलरिज्म है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को कागज लेकर एक जगह से दूसरी जगह दौड़ना पड़ता है।

### यूपी विकास और सुशासन से पहचान बना रहा है: योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से न सिर्फ देश के विकास को गति मिलेगी बल्कि 34 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। आज यूपी सुशासन और विकास से पहचान बना रहा है। आज लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित निवेश मतलब उत्तर प्रदेश। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अबू धाबी में मंदिर का शुभारंभ करने को लेकर बधाई दी है। लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में जो विकास की आधार शिला रखी गई है। उससे लगता देश पीएम मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने 11 और उम्मीदवारों का किया एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 और सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। सूची में एक नाम पर काफी चर्चा हो रही है। पार्टी ने मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर से उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा इस सूची के बाद अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते भी जुदा हो गए हैं।

### रात को पीएम मोदी से मिलते हैं अब्दुल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दशकों तक कांग्रेसी रहे और अब अपनी ही डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी चलाने वाले गुलाम नबी आजाद ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला रात के वक्त पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि वे मीडिया और जनता की नजर से बच सकें।

# सरकार का प्रस्ताव किसानों को नामंजूर

## केंद्र को आज तक का समय वरना 21 को दिल्ली कूच तय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान के ग्रामीण किसान मजदूर समिति के मीडिया प्रभारी रणजीत राजू ने बताया कि सरकार के प्रस्ताव पर किसानों की सहमति नहीं बन सकी है। सभी फोरमों में बात करने के बाद अब किसान नेताओं ने फैसला लिया है कि 21 फरवरी को दिल्ली के लिए कूच करेंगे। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार लाठियां भांजेगी तो खाएंगे, गोले दागेंगे तो उसका भी सामना करेंगे। सरकार अपने प्रस्ताव के जरिए सिर्फ हरियाणा पंजाब के किसानों को देख रही है जबकि आंदोलन देशभर के किसानों की विभिन्न फसलों के लिए है। वहीं धान पर सरकार एमएसपी देने के लिए राजी हुई है मगर पैदावार अपने हिसाब से कराना चाहती है। यह किसानों को मंजूर नहीं है। भाकियू शहीद भगत सिंह के किसान नेता जय सिंह जलबेड़ा ने इसकी पुष्टि की है। किसानों ने सरकार को 20 फरवरी तक का समय दिया है।

भाकियू चढ़ूनी के नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि 21 फरवरी तक का समय है। सरकार को सोचना और समझना चाहिए कि तिलहन और बाजरा खरीद के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं. जैसे उन्होंने दालों, मक्का और कपास का उल्लेख किया, उन्हें इन दोनों फसलों को भी शामिल करना चाहिए। अगर इन दोनों को शामिल नहीं किया गया तो हमें इस बारे में फिर से सोचना होगा. ..कल हमने फैसला लिया कि अगर 21 फरवरी तक सरकार नहीं मानी तो हरियाणा भी आंदोलन में शामिल होगा।

भाकियू चढ़ूनी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने मांग की कि आंदोलनरत किसानों के साथ सरकार की वार्ता में हरियाणा के मुख्यमंत्री भी शामिल हों।

### हम केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगेः पंधेर

एमएसपी पर दालें, मक्का खरीदने के केंद्र के पांच साल के प्रस्ताव पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों ने अपना प्रस्ताव देश के सामने रखा है। हम इस पर चर्चा करेंगे। कल खनौरी में एक किसान की जान चली गई। हमारा नेतृत्व वहां जा रहा है।

# सभी वर्गो को ध्यान में रखकर तैयार होगा बजट

**संवाददाता**

देहरादून। वित्त व संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि राज्य का बजट सभी वर्गो को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेंडर बजट के साथ इसमें समग्र विकास पर फोकस किया जाएगा।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा का बजट सत्र देहरादून विधानसभा में 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि कई विधायकों के लिखित अनुरोध के बाद सत्र देहरादून में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की रूपरेखा तैयार की जाएगी। अग्रवाल ने बताया कि राज्य का यह बजट जेंडर बजट होगा। जिससे विकास की गतिविधि बढ़ेगी। सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया जा रहा है। जिसमें लोगों के सुझावों को भी ध्यान में रखा जाएगा।

**बजट सत्र**

- 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक आयोजित होगा बजट सत्र

### विधायकों को पुनर्जीवित कराने होंगे सवाल

विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों को सवाल पूछने के लिए पिछले सत्र के लिए पूछे गए सवालों को पुनर्जीवित कराना होगा। पिछले सत्र का सत्रावसान होने की वजह से नियमों के तहत बजट सत्र के लिए विधायकों को नए सिरे से सवाल लगाने होंगे। लेकिन एक व्यवस्था यह भी है कि विधायक विधानसभा को पत्र लिखकर अपने पुराने सवालों को नए सत्र में शामिल करने का अनुरोध कर सकते हैं। विस सूत्रों के अनुसार पिछले सत्र में विधायकों के तीन सौ के करीब सवाल अनुत्तरित थे।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# बंगाल सरकार पीड़ित महिलाओं की आवाज दबा रही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को बंगाल सरकार पर संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया, जहां सत्तारूढ़ टीएमसी नेताओं के कथित अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया था। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थिति के मद्देनजर राज्य में राष्ट्रपति शासन के अलावा कोई उपाय नहीं है।

### महिला आयोग अध्यक्ष ने अशांत संदेशखाली का दौरा किया

दिन के दौरान उन्होंने क्षेत्र में आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और कहा कि उनकी यात्रा वहां की महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए थी ताकि उनमें से कई बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें।

एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, तो अधिक महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ सामने आएंगी। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीडन करने का आरोप लगाया है।

# इजरायल की मदद को आगे आया भारत, मिला रास्ता

**रिपोर्ट**

## भारत उतार रहा कारगिल युद्ध का अहसान, हूतियों की धमकी हुई फेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेल अवीव। भारत और इजरायल की दोस्ती की मिसाल दुनिया देती है। कारगिल युद्ध हो या समुद्री इलाके में पानी का संकट हर मुश्किल में भारत के लिए इजरायल खड़ा रहता है। गाजा युद्ध के बीच इजरायल हूती हमले से जूझ रहा है और उसे समुद्र से लेकर जमीन तक पर भीषण लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इस बीच इजरायल की मदद के लिए दोस्त भारत आगे आया है। भारत की मदद से लाल सागर में हूतियों के हमले का इजरायल ने तोड़ निकाल लिया है। भारत के मुंद्रा पोर्ट से अब सामान इजरायल तक आसानी से पहुंच जा रहा है। इस रास्ते में यूएई, सऊदी अरब और जॉर्डन जैसे इस्लामिक मुल्क भी शामिल हैं। यह वही रास्ता है जिसे मिडिल ईस्ट यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर के तहत रेलमार्ग से जोड़ा जाना है। दरअसल, भारत के मुंद्रा पोर्ट से सामान यूएई के बंदरगाह तक जा रहा है, फिर वहां से यह सामान जमीनी रास्ते से ट्रकों के जरिए सऊदी अरब और फिर जॉर्डन पहुंचाया जा रहा है। वहां से यह सामान इजरायल तक पहुंच जा रहा है। खुद इजरायल के परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने भारत से इजरायल तक माल पहुंचाने के लिए एक नए जमीनी रास्ते की घोषणा की है। यह रास्ता लाल सागर में हूतियों के खतरे को दरकिनार करेगा। यह वैकल्पिक रास्ता सामान्य समुद्री मार्ग को बदलने के लिए बनाया गया है, जिसे अक्टूबर की शुरुआत में तेल अवीव द्वारा गाजा पट्टी पर युद्ध शुरू करने के बाद इजरायल से जुड़े जहाजों पर हूती हमलों के कारण बंद कर दिया गया था।



मंत्री रेगेव के अनुसार, यह नया रास्ता भारत के सबसे बड़े बंदरगाह मुंद्रा से शुरू होता है। वहां से माल को समुद्र के रास्ते संयुक्त अरब अमीरात ले जाया जाता है और फिर सऊदी अरब से होते हुए जॉर्डन और अंत में इजरायल तक पहुंचाया जाता है। रेगेव ने गाजा युद्ध के दौरान इजरायल को सामानों की आपूर्ति में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर युद्ध को थोपा गया है। इजरायल समुद्री परिवहन पर बहुत अधिक निर्भर है, और उनका देश एक द्वीप की तरह है। यही नहीं, नए जमीनी रास्ते से सामानों पहुंचाने की अवधि 12 दिनों तक कम होने की भी उम्मीद है और वर्तमान प्रतीक्षा समय में काफी कमी आएगी।

इजरायली मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक दुबई और अबू धाबी से इस जमीनी रास्ते से आने वाले ट्रकों में सब्जियां, फल, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उत्पादों सहित कई तरह के सामान होते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह जमीनी रास्ता तब बनाया गया है जब इजरायली कब्जे वाले गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी एक गंभीर मानवीय संकट का सामना कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी




### नेपाल में फिर उठ रही हिंदू राष्ट्र की जोरदार मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल में सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रजातंत्र दिवस (लोकतंत्र दिवस) और नेपाली कांग्रेस महासमिति दिवस मनाया जाएगा। इस बीच नेपाली कांग्रेस के लगभग 22 सदस्य नेपाल में एक बार फिर हिंदू राष्ट्र की बहाली को लेकर विचार कर रहे हैं, जिसे अन्य सदस्य अपने एजेंडे में शामिल करने का विरोध कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, श्महासमिति दिवस की बैठक गोदावरी, ललितपुर में आयोजित की जाएगी। हिंदू राष्ट्र की बहाली का प्रस्ताव 22 सदस्यों ने रखा है और एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि पार्टी (नेपाली कांग्रेस) की केंद्रीय कार्य समिति ने इसे स्वीकार नहीं किया है। एक रिपोर्ट में सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया, श्चूंकि नेपाल के 81 फीसदी नागरिक हिंदू हैं। पीएम से लेकर राष्ट्रपति ने हाल में संपन्न बसंत पंचमी समारोह समेत सभी अनुष्ठानों में भाग लिया है, इसलिए हिंदू राज्य की बहाली की आवाज जोर पकड़ रही है।श सोमवार को हिंदू राष्ट्र की बहाली का समर्थन करने वाले सदस्य चर्चा करने पर विचार कर रहे हैं। वह इसे वैदिक सनातन हिंदू राष्ट्र कहते हैं। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल 28 मई 2008 को आधिकारिक तौर पर एक गणतंत्र बना था। तब नेपाल की संविधान सभा की पहली मीटिंग हुई थी, जिसके बाद शाह राजाओं की 240 साल से चली आ रही राजशाही का अंत हुआ था।

### लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन की सरेआम हत्या, हमलावर ने गोलियों से भूना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान में आए दिन गोलीबारी और हत्या की खबरें सामने आती हैं। लेकिन दूसरों को खौफ में रखने वाले एक डॉन को ही इस बार गोली मार दी गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर का ये अंडरवर्ल्ड डॉन एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, तभी उसे गोलियों से भून दिया गया। दरअसल, लाहौर के माल परिवहन नेटवर्क के मालिक और डॉन अमीर बालाज टीपू को चुंग इलाके में एक शादी समारोह के दौरान अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। आरिफ अमीर उर्फ टीपू ट्रकवाला के बेटे अमीर बालाज टीपू को इस गोलीबारी का शिकार होना पड़ा। बता दें कि अमीर पर 2010 में भी अल्लामा इकबाल हवाई अड्डे पर एक घातक हमला हुआ था। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, हमलावर ने बालाज और दो अन्य मेहमानों पर गोलीबारी की, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। जवाबी हमले में बालाज के सहयोगियों ने फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप हमलावर की तत्काल मौत हो गई। हालांकि, बचाने की तमाम कोशिशों के बावजूद बालाज की भी जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई। स्थानीय अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, बालाज के दादा भी सदियों पुराने झगड़े में उलझे रहते थे, जिससे परिवार हिंसा से जुड़ गया।

### आई लव यू, एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद पत्नी ने की पहली पोस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े आलोचक और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत के बाद देश की राजनीति में तूफान आया हुआ है। इस बीच नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने पति की मौत के बाद पहली बार पोस्ट किया। यूलिया नवलनाया ने नवलनी की मौत के दो दिन बाद उनके साथ बिताए एक खूबसूरत पल की फोटो इंस्टाग्राम पर साझा की। इस पोस्ट में नवलनाया ने कैप्शन में लिखा, आई लव यू। बता दें कि एलेक्सी नवलनी की जेल में रहस्यमय तरीके से मौत हो गई थी और उनकी मौत को साजिश बताया जा रहा है। बता दें कि दो दिन पहले ही दिवंगत रूसी विपक्षी नेता के प्रवक्ता किरा यर्मिश ने नवलनी की मौत की पुष्टि करते हुए शव को तुरंत उनके परिवार को सौंपने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, यर्मिश ने रूसी अधिकारियों पर प्रक्रिया में देरी करने के लिए झूठ बोलने का भी आरोप लगाया। यर्मिश का बयान रूसी जेल सेवा के उस बयान के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक नवलनी की शुक्रवार को जेल में टहलने के दौरान अस्वस्थ महसूस करने और बेहोश होने के बाद मृत्यु हो गई। हालांकि, उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

## फ्रांस का पासपोर्ट बना सबसे ताकतवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। जियोपॉलिटिक्स में किसी भी देश की सॉफ्ट पावर उसके पासपोर्ट से देखी जाती है। एक मजबूत पासपोर्ट नागरिकों को बिना वीजा की जरूरत के दुनिया भर के देशों में यात्रा करने की इजाजत देता है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स देशों को उनके पासपोर्ट की ताकत के आधार पर रैंक करता है। 2024 की हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की लिस्ट सामने आई है। 2024 में इस लिस्ट में सबसे ऊपर फ्रांस है। फ्रांस के पासपोर्ट के जरिए 194 देशों में बिना वीजा के पहुंचा जा सकता है।

हालांकि फ्रांस इकलौता देश नहीं है जो पासपोर्ट में नंबर वन है। जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन भी ऐसे देश हैं, जो फ्रांस के साथ खड़े हैं। भारत पिछले साल से एक पायदान नीचे गिरकर 85वें स्थान पर आ गया है। लेकिन अच्छी बात है कि पहले जहां भारतीय पासपोर्ट पर सिर्फ 60 देशों में जाया जा सकता था, वह संख्या अब बढ़कर 62 हो गई है। पाकिस्तान 106 नंबर का अपना रैंक बरकरार रखे हुए है, जो लिस्ट में नीचे से चौथा है। जबकि बांग्लादेश इस साल 101 से 102 पर पहुंच गया है। मालदीव 58वें स्थान पर है, जिसके नागरिक 96वें देशों में बिना वीजा जा सकते हैं। चीन की रैंकिंग में कुछ सुधार देखने को मिला है।



**भारत की राह पर बढ़ेंगे सबसे बड़े मुस्लिम देश के नए राष्ट्रपति**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो चुने गए हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक सुबिआंतो के सत्ता में आने के बाद अब भारत के साथ रिश्ते और मजबूत हो सकते हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति चुने गए सुबिआंतो देश के रक्षा मंत्री रह चुके हैं और विशेषज्ञों के मुताबिक भारत के साथ रक्षा संबंधों को वह मजबूत करना चाहते हैं। सुबिआंतो ने फिलीपीन्स की तरह से ही भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने की इच्छा जताई है। यही नहीं सुबिआंतो अब इंडोनेशिया के स्कूलों के अंदर भी मिड डे मील योजना को लागू कर सकते हैं। सुबिआंतो की तुलना पीएम मोदी से भी हो रही है जिन्हें अमेरिका ने लंबे समय तक वीजा नहीं दिया था। हालांकि अब राष्ट्रपति बनने के बाद सुबिआंतो आसानी से अमेरिका जा सकेंगे।

## नवाज शरीफ के साथ सरकार बनाने से बिलावल का इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बिलावल ने पीएम पद लेने से भी मना किया

कराची। पाकिस्तान में चुनाव मजाक बनकर रह गए हैं। पहले हुए हिंसक चुनावों के बाद नतीजों में गड़बड़ी की बातें सामने आई। अब नतीजे स्पष्ट होने के बाद भी वहां कोई सरकार बनती नहीं दिख रही है, जिससे फिर चुनाव होने की बात होने लगी है। हालांकि, पहले नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल–एन और बिलावल की पार्टी पीपीपी में गठबंधन सरकार बनने की चर्चा थी, लेकिन अब वो बात भी नहीं बन पाई है।

दरअसल, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने खुलासा किया है कि उन्होंने गठबंधन सरकार के फॉर्मूले को नहीं स्वीकारा है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री का पद ऑफर हुआ था, लेकिन उन्होंने इस लेने से मना कर दिया। बिलावल ने कहा कि वो जनता के जनादेश के बिना शीर्ष पद नहीं लेना चाहते।

35 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री बिलावल पीपीपी का प्रधानमंत्री पद का चेहरा थे। हालांकि, 8 फरवरी के चुनावों में उनकी पार्टी नेशनल असेंबली में 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। जेल में बंद इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) को सबसे ज्यादा सीटें मिली और नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग दूसरे स्थान पर रही। पीपीपी और पीएमएल–एन ने चुनाव के बाद गठबंधन तो बनाया लेकिन वो कई बैठकों के बावजूद सत्ता–साझाकरण फॉर्मूले पर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे हैं। सिंध प्रांत में पीपीपी की चुनावी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा, मुझे नवाज की पार्टी ने कहा कि तीन साल के लिए उन्हें प्रधानमंत्री बनने दें और फिर आपको शेष दो वर्षों के लिए प्रधानमंत्री पद दिया जाएगा। मैंने इसके लिए मना कर दिया। मैंने कहा कि मैं इस तरह प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहता। अगर मैं प्रधानमंत्री बनता हूं, तो यह पाकिस्तान के लोगों द्वारा मुझे चुने जाने के बाद ही होगा।

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने फलस्तीनी समकक्ष मलिकी से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** म्यूनिख। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यूनिख में अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल–मलिकी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा की ताजा स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर कहा कि फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल–मलिकी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि हमनें इस दौरान गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। मालूम हो कि विदेश मंत्री इस समय प्रतिष्ठित सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी के म्यूनिख में हैं। वहीं, इससे पहले इजरायल पर सात अक्टूबर को हमासा के हमले उन्होंने आतंकवाद कृत्य करार दिया था। उन्होंने कहा था कि हमें स्पष्ट होना चाहिए कि 7 अक्टूबर को जो हुआ वह आतंकवाद था।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# यात्रा मार्ग पर संचालित कार्यो को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के निर्देश

**निर्देश**

## चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

**संवाददाता**



चमोली। जनपद में आगामी मई माह से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर संचालित सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यो को यात्रा से पहले प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। यात्रा शुरू होने से पहले बिजली–पानी की आपूर्ति सुचारु की जाए। जिलाधिकारी ने एचआईडीसीएल, बीआरओ तथा लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में यात्रा मार्ग एवं वैकल्पिक मार्गो पर संचालित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में ट्रीटमेंट, मलवा निस्तारण के साथ सड़क डामरीकरण का कार्य किया जाए। एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन अधिकारी यात्रा मार्ग का संयुक्त निरीक्षण करते हुए संवेदनशील स्थलों को ठीक कराना सुनिश्चित करें। यात्रा मार्ग पर शौचालयों की मरम्मत के साथ सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाए। कही पर अतिरिक्त शौचालय बनाने की आवश्यकता हो, तो तत्काल इसका काम शुरू किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर सड़क बंद होने की संभावना रहती है उसके दोनों तरफ यात्रियों के भोजन हेतु पर्याप्त मात्रा में ड्राइ राशन एवं फूड पैकेट का भंडारण किया जाए। ताकि श्रद्धालुओं को सुलभता से भोजन की व्यवस्था की जा सके।

जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निर्देशित किया कि बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर आने जाने वाले क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग का निर्माण किया जाए। जल संस्थान को मास्टर प्लान निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल हेतु पर्याप्त संख्या में वाटर एटीएम लगाने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ तथा हेमकुण्ड यात्रा मार्ग के सभी स्टैण्ड पोस्ट, टीटीएसपी, पीटीएसपी को सुचारू करने तथा प्रमुख स्थानों पर वाटर एटीएम की व्यवस्था करने को कहा। हेमकुंड यात्रा मार्ग पर घोड़ो के लिए गरम पानी की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को बद्रीनाथ में विद्युत पोलों की शिफ्टिंग कार्य पूरा करने को कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट, नए पार्किंग स्थलों के चयन, आवास एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ किया जाए। यात्री पंजीकरण, टोकन काउंटर, इको शुक्ल के लिए पाण्डुकेश्वर में व्यवस्था की जाए। बद्रीनाथ तथा हेमकुंड यात्रा मार्ग पर बेसिक मेडिकल उपकरणों सहित चिकित्सकों की तैनाती हेतु सीएमओ को अभी से प्लान तैयार करने को कहा। पंजीकृत वाहनों की फिटनेस तथा ग्रीन कार्ड निर्गत किए जाने हेतु परिवहन विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## न्यूज डायरी

### किसानों के लिए ग्राम सभा स्तर पर किए जा रहे कैंप आयोजित

**संवाददाता** चमोली। पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए ग्राम सभा स्तर पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि जनपद के सभी किसानों को आगामी किस्त का लाभ देने के लिए 21 फरवरी तक कृषि विभाग द्वारा कृषकों की ईकेवाईसी की जानी है। भारत सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के सहयोग से किसानों के बैंक खातों को आधार से लिंक तथा कॉमन सर्विस सेन्टर के सहयोग से किसानों के पंजीकरण एवं ईकेवाइसी को पूर्ण कराया जा रहा है। बताया कि योजना में उन्हीं किसानों को पात्र माना जाएगा जिनके पास खेती योग्य भूमि हो, बैंक खाता आधार से लिंक हो तथा उनकी केवाईसी पूर्ण हो चुकी हो। ऐसे किसान जिनकी ईकेवाईसी लंबित हैं वे कैंप में अपना ईकेवाईसी करा लें ताकि उनको योजना का लाभ दिया जा सके।

### दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में की शानदार कमाई

**संवाददाता** देहरादून। चीनी, सस्टेनेबल पॉवर और इथेनॉल के अग्रणी खिलाड़ी दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने 14 फरवरी 2024 को हुई अपनी बोर्ड बैठक में 31 दिसंबर 2023 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दी। पिछली तिमाही की तुलना में, दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने कुल राजस्व में 190 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी, जो वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 26.92 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 78.31 करोड़ हो गई। इसी के साथ, नेट प्रॉफिट में उल्लेखनीय 478 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 0.97 करोड़ से बढ़कर 5.61 करोड़ हो गई।

### आईडीबीआई बैंक ने उत्सव एफडी योजना के अंतर्गत एफडी पर विशेष दरें पेश कीं

**संवाददाता** देहरादून। आईडीबीआई बैंक ने अपने सबसे नए ऑफर में 300 दिनों की विशेष सीमित अवधि की एफडी अधिकतम 7.55 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर के साथ पेश की है, जिसे समय से पहले तोड़ने की अनुमति होगी। यह अभियान उत्सव एफडी योजना के अंतर्गत शुरू किया गया है, और उन ग्राहकों को आकर्षक प्रस्ताव देता है, जो कम अवधियों में आकर्षक ब्याज दर चाहते हैं। इसके अलावा, 375 और 444 दिनों के लिए मौजूदा उत्सव एफडी क्रमशः 7.60 प्रतिशत प्रति वर्ष और 7.75 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर प्रदान करती रहेंगी।

## पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर क्रिटिकल मतदेय स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निर्भिघ्न, शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में निर्वाचन में सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को क्रिटिकल और संवेदनशील बूथों की पहचान एवं चिन्हिकरण पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया एक संवेदनशील प्रक्रिया है। इसमें किसी भी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए चुनाव संबंधी सभी प्रशिक्षणों में अनिवार्य रूप से पहुंचे एवं प्रशिक्षण को अमल में लाएं। उन्होंने क्रिटिकल बूथों की जानकारी देते हुए कहा कि क्रिटिकल बूथ वह बूथ हैं जहां बीते हुए चुनाव में किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में या तो बहुत वोट पड़ें हो या कम वोट पड़ें हों। इसके साथ ही जिन बूथों तक पहुंचने का रास्ता मुश्किल हो उन्हें भी इसी श्रेणी में रखा जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मतदान बूथों पर उपलब्ध कराई जाने वाली प्राथमिक व्यवस्थाओं सहित क्रिटिकल बूथों की निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार मैपिंग कर रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवा दी जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने सभी अधिकारियों को चुनावी संबंधी दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर व पुलिस सेक्टर अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन कार्य को संपादित करना सुनिश्चित करें।



### जिला कार्यालय सभागार का डीएम सौरभ गहरवार ने किया लोकार्पण

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। आधुनिक तकनीक से लैस जिला कार्यालय सभागार का जीर्णोद्धार कार्यों का जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने आज पूजा–अर्चना कर विधिवत लोकार्पण किया। आधुनिक तकनीक से तैयार सभागार में विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद की कमान संभालने के बाद से ही जनपद को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। जिसमें जिला कार्यालय के प्रशासनिक भवन एवं जिला कार्यालय सभागार को आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। इसके साथ ही जनपद को नए कलेवर देने के लिए वाल पेंटिंग से लेकर लाईटिंग, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्य जनपद में गतिमान हैं।

# समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण एवं मौका मुआवना करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद वासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवादध्जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 29 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

**प्राप्त शिकायतों को त्वरित निस्तारण करें अधिकारी: डीएम**

आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जैली राधा देवी ने पाली में आंगनवाड़ी भवन बनाए जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2013 की आपदा में क्षतिग्रस्त कई योजनाओं के पुर्ननिर्माण कार्य न होने संबंधी शिकायत भी दर्ज की। कुमड़ी गांव के धर्मेंद्र सिंह, सुंदर सिंह, विनोद सिंह व प्रदीप सिंह आदि ने जल जीवन मिशन के तहत आठ परिवारों को पेयजल कनेक्शन से वंचित रखे जाने की शिकायत दर्ज की। कुमड़ी गांव के ही दिगपाल सिंह ने गांव के बगड़वाल चौक सौंदर्यीकरण कार्य करने वाले मजदूरों की धनराशि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज की। वार्ड नं.–3 कोटेश्वर निवासी संतोष सिंह मेवाल ने विकास भवन व चोपड़ा मोटर मार्ग की दयनीय स्थिति को सुधारने तथा वार्ड नं.–6 पुनाड़ की नीलम देवी ने नगर पालिका द्वारा अधिगृहित की गई दुकान से आर्थिक स्थिति ठीक न होने व बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान न कर पाने संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रार्थना–पत्र दिया। चौंरा डडोली के दरवान सिंह ने पैतृक आवास के पुराने व जर्जर होने से व कोलू निवासी विनोद सिंह ने विकलांग व्यक्ति होने के कारण प्रधानमंत्री आवास की मांग की।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं उनका निराकरण समयबद्धता के साथ त्वरित गति से करना सुनिश्चत करें।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने किया धरना–प्रदर्शन

**संवाददाता** पुरोला। काम के बराबर वेतन एवं राज्य कर्मचारी घोषित करनें समेत चार सूत्रीय मांगों को लेकर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा के माध्यम से निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भेजकर बीएलओ के कार्य बहिष्कार समेत आंगनवाडी केन्द्रों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करनें का एलान कर तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने ज्ञापन में कहा कि संगठन व सरकार के साथ 2018 में हुए समझौते पर अभी तक अमल नही किया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है जिससे प्रदेश की आंगनवाड़ी कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। ज्ञापन में कहा गया है कि 2018 में भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश स्तरीय रैली के दौरान सरकार व संगठन के बीच वार्ता में मांगों पर विचार करने का भरोसा दिया पर आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।



*हम किसी को आसानी से हरा तो सकते हैं, लेकिन किसी को जिताना उतना ही मुश्किल होता है।*
*– अज्ञात।*




पेज थ्री
www.page3news.in

# फैसले की टाइमिंग

**यह फैसला ऐसे समय किया गया है, जब अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ है। अगर रामजन्मभूमि आंदोलन को परवान चढ़ाने का श्रेय किसी एक राजनीतिक नेता को दिया जा सकता है तो वह आडवाणी ही हैं।**

गुलशन राय खत्री।।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करना राजनीति की उस परंपरा को सम्मानित करना है, जो हर जरूरी मौके पर दलगत सीमाओं से ऊपर उठती रही है, जो विरोधियों का सम्मान करने और उनसे सम्मान पाने की क्षमता से ताकत पाती रही है। निश्चित रूप से यह एक बड़ा फैसला है और इसके कई पहलू हैं। यह फैसला ऐसे समय किया गया है, जब अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ है। अगर रामजन्मभूमि आंदोलन को परवान चढ़ाने का श्रेय किसी एक राजनीतिक नेता को दिया जा सकता है तो वह आडवाणी ही हैं। नब्बे के दशक की शुरुआत में की गई उनकी रथयात्रा ने इस मुद्दे को जितनी मजबूती दी, उतनी शायद ही किसी एक घटना ने दी हो। बावजूद इसके, हाल के दिनों में ऐसी आवाजें उठ रही थीं कि आडवाणी को उतना श्रेय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। भारत रत्न देने का यह फैसला ऐसी तमाम आलोचनाओं की गुंजाइश समाप्त कर देता है।



पिछले महीने ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। हालांकि उस फैसले का राजनीति की सभी धाराओं ने समर्थन किया, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं यह बात भी दर्ज हो ही गई थी कि सरकार ने उस समाजवादी धारा को सम्मानित किया जो वैचारिक तौर पर मौजूदा राष्ट्रवादी धारा के खिलाफ मानी जाती है। ऐसे में जाने–अनजाने इस फैसले ने राजनीतिक संतुलन की जरूरत को भी पूरा कर दिया है।

मगर आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का बड़ा संदेश है जो इन छोटी–मोटी जरूरतों से काफी आगे जाता है। आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाए रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं। हवाला घोटाला में नाम आते ही आडवाणी ने न सिर्फ संसद की सदस्यता छोड़ दी बल्कि यह भी कहा कि जब तक बेदाग नहीं साबित हो जाते तब तक न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही कोई सार्वजनिक पद स्वीकार करेंगे। उनके राजनीतिक जीवन का जो नेगेटिव बिंदु कहा जा सकता है वह है उनकी अगुआई वाले आंदोलन के दौरान बाबरी मस्जिद का तोड़ा जाना, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपराध करार दिया है। लेकिन यहां खास बात यह रही कि उन्होंने कभी उस घटना का समर्थन नहीं किया। वह हमेशा मंदिर आंदोलन की रचनात्मक विशिष्टता को रेखांकित करते हुए उसे देश की गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा से जोड़े रखने पर जोर देते रहे। उन्हें भारत रत्न देने का फैसला निस्संदेह स्वागत योग्य है।

## जन्म की कथा

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** भागते हुये राक्षसों का भी नारायण संहार करने लगे तो माल्यवान क्रुद्ध होकर युद्धभूमि में लौट पड़ा। भगवान विष्णु के हाथों अन्त में वह भी काल का ग्रास बना। शेष बचे हुये राक्षस सुमाली के नेतृत्व में लंका को त्यागकर पाताल में जा बसे और लंका पर कुबेर का राज्य स्थापित हुआ। अब मैं तुम्हें रावण के जन्म की कथा सुनाता हूँ। राक्षसों के विनाश से दुःखी होकर सुमाली ने अपनी पुत्री कैकसी से कहा कि पुत्री ! राक्षस वंश के कल्याण के लिये मैं चाहता हूँ कि तुम परम पराक्रमी महर्षि विश्रवा के पास जाकर उनसे पुत्र प्राप्त करो। वही पुत्र हम राक्षसों की देवताओं से रक्षा कर सकता है।" अगस्त्य मुनि ने कहना जारी रखा, "पिता की आज्ञा पाकर कैकसी विश्रवा के पास गई। उस समय भयंकर आँधी चल रही थी। आकाश में मेघ गरज रहे थे। कैकसी का अभिप्राय जानकर विश्रवा ने कहा कि भद्रे !

## संपादकीय

### टाइम आएगा

अंतरिम बजट में भारत को बड़े लक्ष्य के लिए काम करने की ओर रास्ता बनाने की कोशिश की है। इससे ग्लोबल और घरेलू दोनों तरह के निवेशकों को फायदा होगा। आज भारतीय बाजार जिस प्रीमियम वैल्यूएशन पर ट्रेड कर रहा है, वह दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले बहुत आगे है। चीन से तीन गुना और रूस से 8 गुना प्रीमियम वैल्यूएशन पर ट्रेड हो रहे भारत पर सभी की नजर है। एवरेज रियल इनकम में 50 फीसदी बढ़ोतरी होने की बात जब वित्त मंत्री बजट में कर रही थीं, तब मौजूदा हालात से मिस–मैच हो रही आम आदमी की माली हालत उम्मीद के दीए जलाए बजट भाषण सुन रही थी। उसे लग रहा था कि उसमें 'उसका टाइम भी आएगा। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक की छोटी राशि के टैक्स मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।'

एक अर्थशास्त्री ने बताया कि देश की यंग एस्पिरेशनल आबादी को विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी देने और बिग पिक्चर दिखाने वाले ऐसे स्टेटमेंट बहुत आकर्षक लग रहे हैं।

# सरकार के इरादे

सुधा श्रीमाली।।

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब अगले वित्तीय वर्ष के लिए अंतरिम बजट पेश कर रही थीं, तब यह मिनट–दर–मिनट साफ होता जा रहा था कि सरकार बजट को देखने की भारतीय मानसिकता को बदलने के मूड में है। सालों से बजट में लोकलुभावन घोषणाओं के आदी भारतीयों को वित्त मंत्री एक ऐसे लोक में लेकर गईं, जहां हर किसी के लिए मौके, रोजगार, साफ पानी–हवा, चिकित्सा, शिक्षा, आवास, बेहतर इंफ्रा से लेकर ग्रोथ की ऐसी इन्क्लूसिव अप्रोच होगी, जिससे भारत 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पा लेगा। यह अचीव करने के लिए उन्होंने जीडीपी की नई परिभाषा गढ़ते हुए गवर्नेंस, डिवेलपमेंट और परफॉरमेंस के बूते भारत की नई चार जातियां– 'महिलाएं, किसान, युवा और गरीब' सेंट्रिक पॉलिसी का खाका खींचा। एक अर्थशास्त्री ने बताया कि देश की यंग एस्पिरेशनल आबादी को विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी देने और बिग पिक्चर दिखाने वाले ऐसे स्टेटमेंट बहुत आकर्षक लग रहे हैं। स्थिति यह है कि मौजूदा समय में शिक्षा–स्वास्थ्य, रोजगार और इंफ्रा की जो हालत है, उसे वह छोटे–छोटे इश्यू समझ कर उम्मीद से बड़ी तस्वीर की ओर देख रहा है। शायद उसे सरकार के इरादों पर भरोसा है।



सरकार ने मौटे तौर पर कोशिश की है कि खपत बढ़े। लंबे समय से समाज में कम आय वर्ग के लोगों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में खपत की समस्या है, जबकि टॉप ऑफ द पिरामिड की ग्रोथ तेजी से हो रही है। ऐसे में सरकार ने इन्क्लूसिव ग्रोथ के लिए एग्री, रूरल, विमिन, हाउसिंग पर खर्च को बढ़ाया है। सरकार ने रोड, वॉटर, इंफ्रा, रेलवे, एनर्जी, डिजिटल इंफ्रा, रिसर्च, इनोवेशन, सोलर, डिफेंस आदि में भविष्य के भारत के लिए निवेश किया है। इसे करते हुए वित्तीय समझदारी का भी ध्यान रखा है। राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए कैपिटल एक्सपेंडिचर 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ करने का प्रस्ताव किया है। चालू वित्त वर्ष के लिए घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 फीसदी कर दिया है। 2025 में इसे जीडीपी के 5.1 फीसदी पर रखने का एस्टिमेट यह दिखाता है कि नए भारत के लिए मौजूदा सरकार कर्ज ही नहीं, निवेश की गुंजाइश भी छोड़ना चाहती है। भारत की नेट बोरोविंग 11,75,000 करोड़ रुपये और निवेश 11,11,000 करोड़ रुपये है। बहुत कम देश ऐसे हैं, जो उतना निवेश कर रहे हैं, जितना बॉरो कर रहे हैं। जहां तक ग्रोथ की बात है तो रिवाइज्ड एस्टिमेट से 17 फीसदी ज्यादा है।

टैक्स स्लैब में किसी तरह का बदलाव नहीं होने पर और तुरंत कोई लाभ नहीं मिलने पर भी मिडल क्लास शायद यह सोच रहा है कि तीसरे कार्यकाल में वापस आने की इच्छा रखने वाली सरकार की यह बिग पिक्चर है।

### अष्टयोग-4910

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | | 1 | | 3 |
| | 35 | | 26 | | 28 | |
| | 6 | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| | | 3 | 4 | | 6 | |
| 6 | 35 | | 35 | 7 | 38 | 2 |
| | | 6 | 1 | | 4 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 4909 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 27 | 7 | 32 | 4 | 34 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 33 | 6 | 32 | 6 | 31 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता

**मोहन।** मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। अगर बीजेपी अगला चुनाव जीतती है तो उनका प्रधानमंत्री बनना तय है। दूसरी बात यह है कि बीच कार्यकाल में उन्हें हटाना जनता के साथ छल भी होगा। खैर, उम्र की वजह से रिटायरमेंट की चर्चा अमेरिका में भी हो रही है, जहां नवंबर में चुनाव हैं। इन चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से जो बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डॉनल्ड ट्रंप प्रत्याशी हो सकते हैं। हालांकि, पार्टियों की ओर से अपना प्रत्याशी अंदरूनी तौर पर चुनने के लिए अमेरिका में प्राइमरी इलेक्शन होते हैं, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। आयोवा में हुई प्राइमरी में ट्रंप को शानदार जीत मिली। उन्हें 51 प्रतिशत वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी रॉन डेसैंटिस, निकी हेली और विवेक रामास्वामी मुकाबले में दूर तक नजर नहीं आए। वहीं, कोलराडो सूबे की शीर्ष अदालत ने वहां डॉनल्ड ट्रंप के प्राइमरी में प्रत्याशी बनने पर रोक लगा दी है।





## निशांत मलकानी और नायरा बनर्जी का हुआ सालभर बाद ब्रेकअप!

फिल्म यो फिर टीवी इंडस्ट्री, दोनों ही जगहों से लगातार ब्रेकअप और तलाक की खबरें सुनने को मिल रही हैं। हाल ही में ईशा देओल–भरत तख्तानी और पवित्रा पुनिया–एजाज खान का सालों बाद रिश्ता टूटा था। अब खबर है कि इसमें एक और नाम जुड़ गया है। गुड्डन तुमसे न हो पाएगा फेम निशांत मलकानी और नायरा बनर्जी का ब्रेकअप हो गया है। इन दोनों के अफेयर की चर्चा अक्सर रही है। लेकिन अब ये साथ नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, नायरा बनर्जी और निशांत को अक्सर साथ में देखा गया है। दोनों ने हमेशा एक–दूसरे के साथ फोटोज पोस्ट भी की हैं। मगर अब सोर्सेज दावा कर रहे हैं कि इन दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं। करीब दोनों ने एक साल से एक–दूसरे को डेट कर रहे थे। उनके दोस्तों ने हमेशा इनके रिश्ते के बारे में पुष्टि की है। लेकिन अब दोनों अलग हो चुके हैं। एक्टर्स के करीबी सूत्रों ने बताया कि अब ये दोनों कपल नहीं हैं। नायरा और निशांत के दोस्तों के मुताबिक, दोनों ने कुछ महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया था। मगर वह हमेशा दोस्त रहेंगे। जब ईटाइम्सश ने निशांत से संपर्क किया तो उन्होंने कहा, श्हमने कभी भी अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं कया। हमने हमेशा यही कहा कि हम दोनों दोस्त हैं। हमने सबसे अच्छे दोस्त के रूप में शुरुआत की थी।

## यश ने किराने की दुकान पर जाकर पत्नी राधिका के लिए खरीदी टॉफी

ऐसा हर रोज नहीं होता कि आप किसी सुपरस्टार को जनरल स्टोर पर देखें। लेकिन कन्नड़ सुपरस्टार यश के मामले में बिल्कुल ऐसा ही हुआ है। श्केजीएफश एक्टर को उनके फैंस प्यार से रॉकिंग स्टार के नाम से बुलाते हैं। उन्हें हाल ही में एक किराने की दुकान पर देखा गया। जनरल स्टोर पर खड़े यश की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आईं और जैसी कि उम्मीद थी, ये जल्द ही वायरल भी हो गईं। यह कहा जा रहा है कि एक्टर दर्शन के लिए मंदिर जाते समय अपनी पत्नी और एक्ट्रेस राधिका पंडित के लिए आइस कैंडी खरीद रहे थे। यश के इस छोटे से कदम को देशभर के फैंस से सराहना मिली। सुपरस्टार का दर्जा मिलने के बावजूद, फैंस ने एक्टर की जमीन से जुड़े रहने पर तारीफ की। लै और राधिका पंडित की पहली मुलाकात 2007 की फिल्म श्नंदा गोकुलाश में काम करने के दौरान हुई थी।

## दंगल फेम सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन




आमिर खान की फिल्म दंगल में उनकी छोटी बेटी बबीता का रोल प्ले करने वाली एक्ट्रेस सुहानी भटनागर का निधन हो गया है। एक्ट्रेस की उम्र महज 19 साल थी। एक्ट्रेस की उम्र बहुत कम थी और उनके निधन से मां–बाप का रो–रोकर बुरा हाल है। लोग सुहानी को दंगल गर्ल के नाम से भी जानते थे। अभी उन्होंने अपना करियर बनाने की ओर पहला कदम रखा ही था कि इस खबर ने फैंस को चौंका दिया है। फिल्म दंगल में आमिर खान की छोटी बेटी जूनियर बबीता फोगाट का किरदार निभाने वाली सुहानी भटनागर का निधन हो गया है। वह 19 साल की थी। इसका कारण उनके पूरे शरीर में फ्लूइड का जमा होना बताया जाता है। कुछ समय पहले सुहानी का एक्सीडेंट हो गया था, जिससे उनके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। इलाज के दौरान उन्होंने जो दवाएं लीं, उनका इतना दुष्प्रभाव हुआ कि धीरे–धीरे उनके शरीर में तरल पदार्थ जमा होने लगा। वह काफी समय से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती थीं। सुहानी का अंतिम संस्कार फरीदाबाद के सेक्टर–15 स्थित अजरौंदा श्मशान घाट पर कर दिया गया। सुहानी भटनागर बॉलीवुड की मशहूर चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। उन्हें आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म श्दंगलश (2016) में बबीता फोगट के रोल के लिए जाना जाता है। फिल्म में उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ हुई। उन्होंने कई टेलीविजन ऐड्स में भी काम किया था।

# राजनीतिक विरासत छोड़ एक्टिंग में नाम कमा रहे अरुणोदय

*जिस एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं, उसने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान पाथ ब्रेकिंग फिल्मों से बनाई है। वह कभी कमर्शियल फिल्मों का हिस्सा नहीं रहे, लेकिन ऑफ–बीट किरदारों से खुद को टॉप स्टार्स के बीच स्थापित जरूर कर लिया। ये हैं एक्टर अरुणोदय सिंह, जो मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के पोते हैं। उनके पिता अजय सिंह मध्य प्रदेश में कांग्रेस में सक्रिय हैं। वह पांच बार विधायक भी रहे हैं। अरुणोदय सिंह का 17 फरवरी को 41वां बर्थडे भी है। अरुणोदय सिंह का नाता राजनीतिक परिवार से है, पर उन्होंने उसमें करियर बनाने के बजाय एक अलग फील्ड चुना। अरुणोदय का सपना था कि वह अपने लिए कुछ अलग करें, परिवार की राजनीतिक छवि से एक अलग पहचान बनाएं। अरुणोदय इसमें कामयाब भी रहे हैं। जहां उनके परिवार की राजनीति की दुनिया में गहरी पैठ है, वहीं अरुणोदय सिंह ने पहले फिल्मों और अब ओटीटी की दुनिया में नाम कमाया है। अरुणोदय ने इस फील्ड में खुद के दम पर अपनी जगह बनाई। बॉलीवुड में उनका कोई गॉडफादर नहीं रहा और ना ही उन्होंने अपने राजनीतिक संपर्क का इस्तेमाल किया।*

**एमपी के छोटे से गांव में जन्मे, नहीं थी सुख–सुविधा**
मध्य प्रदेश के छोटे से गांव मंदोरा में 17 फरवरी 1983 को जन्मे अरुणोदय सिंह वहां के बड़े राजनीतिक परिवार से





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ताल्लुक रखते हैं। पर जब वह पैदा हुए थे, तब गांव में कोई सुख–सुविधा नहीं थी। दूर–दूर तक किसी तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। घरवालों ने उन्हें पढ़ाई के लिए बोर्डिंग स्कूल भेज दिया, और फिर वहां से वह बोस्टन चले गए।

**9 साल की उम्र में पहला नाटक, एक्टिंग डेब्यू**
अरुणोदय सिंह जब 9 साल के थे, तब उन्होंने एक थिएटर प्ले में काम किया था। यही वह पल था, जब अरुणोदय को एक्टिंग का चस्का लग गया था। तभी से उन्होंने फैसला कर लिया था कि वह एक्टर बनेंगे, और राजनीति में नहीं जाएंगे। फिर उन्होंने 2009 में पीयूष झा की फिल्म श्सिकंदरश से एक्टिंग डेब्यू किया। इससे पहले उन्होंने खूब ऑडिशन दिए। काफी स्ट्रगल किया।

**फिल्मों में नहीं मिली पहचान, ओटीटी से बने स्टार**
अरुणोदय सिंह को फिल्मों के ऑफर तो मिलने लगे, पर उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिली। पर 2011 में आई सुधीर मिश्रा की फिल्म श्ये साली जिंदगीश ने उनके करियर पर खासा प्रभाव डाला। इस फिल्म में निभाए किरदार के लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नॉमिनेशन भी मिला था। फिर कुछ और फिल्में कीं, पर बात जस की तस रही। यानी सफलता वैसी नहीं मिली, जैसी सोची थी।

**इन सीरीज में नजर आए अरुणोदय सिंह**
लेकिन ओटीटी के आने के बाद से अरुणोदय सिंह के करियर में बूम आ गया। वेब सीरीज अपहरणः सबका कटेगा से वह छा गए। इसमें रुद्र श्रीवास्तव और बिक्रम बहादुर शाह के किरदार में उन्हें खूब पसंद किया गया। इसके बाद उन्हें ओटीटी की दुनिया में ढेरों ऑफर मिले, जिनमें ये काली काली आंखें, Lahore Confidential और द चार्जशीट जैसी वेब सीरीज शामिल हैं।

# हिना खान ने बॉयफ्रेंड के बर्थडे पर दिखाया खूबसूरत नजारा

*टीवी की जानी–मानी एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में बॉयफ्रेंड रॉकी का बर्थडे मनाया है। उन्होंने उनके लिए नोट लिखकर उन्हें विश किया है। इसी के साथ हिना ने खूबसूरत फोटोज भी हैं, जो उन्होंने इस हफ्ते वेकेशन पर खिंचवाई है। आइए सबकुछ दिखाते हैं।*



जानी–मानी टीवी एक्ट्रेस हिना खान और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रॉकी जयसवाल 2014 से रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 11 के दौरान उन्हें दुनिया से मिलवाया था। इस साल उनकी एक साथ दसवीं एनिवर्सरी। जैसे–जैसे उनकी प्रेम कहानी परवान चढ़ती जा रही है, हर दिन उनके लिए खास मायने रखता है। हाल ही में, हिना खान ने रॉकी को उनके बर्थडे पर पोस्ट लिखकर विश किया। साथ ही बीते हफ्ते में हिना ने अपनी बेहद खूबसूरत फोटोज फैंस को दिखाई हैं।

हिना खान ने इंस्टाग्राम पर रॉकी के लिए अपना प्यार जाहिर किया और कहा, इस बिना शर्त प्यार और सपोर्ट के लिए धन्यवाद। आप एंजल हैं। आप खुशी के अलावा कुछ भी नहीं चाहते हैं। मैं आपको अपने जीवन में पाकर धन्य हूं। हर चीज के लिए धन्यवाद। ढेर सारे रोमांस, यादों, यात्राओं और ढेर सारी खुशियों के लिए। खुश रहो। आप केवल प्यार के लिए हैं।

**बॉयफ्रेंड के साथ हिना खान**
नोट के साथ उन्होंने सनसेट के दौरान रॉकी को गले लगाते हुए अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की। उनके पोस्ट को लाखों इंस्टाग्राम यूजर्स ने लाइक किया है। इसी के साथ हिना ने बीते हफ्ते अपने वेकेशन की कई फोटोज फैंस के साथ शेयर की थीं। कभी बीच पर तो कभी मिट्टी में, रह रहकर हिना कहीं भी पहुंच जाती हैं।

**मुनव्वर के साथ हिना खान का म्यूजिक वीडियो**
बिग बॉस सीजन 17 के विनर मुनव्वर फारूकी अपनी जीत एंजॉय कर रहे हैं और उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। स्टैंड–अप कॉमेडियन एक वीडियो के लिए हिना खान के साथ आ रहे हैं, जिसका पोस्टर भी सामने आ चुका है। म्यूजिक वीडियो शूट से हिना और मुनव्वर की बिहाइंड द सीन तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। फोटोज में हिना खान और मुनव्वर फारूकी को देखकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हो रहे हैं।

# शुगर–कैंसर की दवा है अंकुरित अनाज, रोजाना खाने से होंगे ये फायदे



**हेल्दी हार्ट के लिए जरूरी है**
स्प्राउट्स एंटी–हाइपरलिपिडेमिक की तरह काम करता है, जो हमारे हार्ट के लिए बहुत फायदेमंद है।अंकुरित अनाजों का सेवन किया जाए तो बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है और हार्ट हेल्दी रहता है।

*अंकुरित अनाज के फायदों के बारे में तो सभी जानते हैं कि इसमें हाई प्रोटीन होता है और यह ताकत देता है। लेकिन इसके और भी कई चमत्कारी फायदे हैं। अंकुरित अनाज का सेवन आपको हार्ट प्रॉब्लम और खून की कमी जैसी कई गंभीर समस्याओं से बचा सकता है।*

अंकुरित अनाज एक विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों को प्राप्त करने का एक बेहतरीन स्त्रोत है। अंकुरित अनाज में प्रोटीन और अमीनो एसिड की अधिक मात्रा होती है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने के साथ कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है।

**ब्लड शुगर कंट्रोल होता है**
अंकुरित अनाज का सेवन डायबिटीज वालों के लिए फायदेमंद है। इसका सेवन इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश्ड रिपोर्ट के अनुसार स्प्राउट्स में सल्फोराफेन मौजूद होता है, जो डायबिटीज टाइप को कंट्रोल करने में मददगार है। इसमें फाइबर की भी हाई मात्रा होती है।

**कैंसर के खतरे को कम करता है**
स्प्राउट जैसे अंकुरित अनाज का सेवन कैंसर पेशेंट के लिए है भी लाभकारी है और कैंसर होने के खतरे को भी कम करता है, खासतौर पर ब्रेस्ट कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर को। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज में पब्लिश्ड रिपोर्ट के अनुसार कैंसर के मरीजों के लिए इसलिए ज्यादा लाभकारी है, क्योंकि इसमें मौजूद सल्फोराफेन कैंसर सेल्स को रोकने का काम करते हैं।

**खून की कमी होती है दूर**
अंकुरित अनाज का सेवन एनीमिया के खतरे को भी कम करता है, इसमें आयरन की भी मात्रा पाई जाती है। इसलिए इसके सेवन से खून की कमी भी दूर होती है। साबुत अनाज में आयरन के अलावा विटामिन की भी हाई मात्रा पाई जाती है। साबुत अनाज का सेवन आंखों के लिए भी फायदेमंद है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टी एवं विटामिन सी दोनों ही पाया जाता है, जो आंखों के लिए विशेष लाभकारी बताया गया है।




## हार्ट में ब्लॉकेज है या नहीं, 5 मिनट में बता देगा ये तरीका

हार्ट ब्लॉक एक ऐसी कंडीशन है, जहां दिल अधिक धीमी गति से या असामान्य लय के साथ धड़कता है। उम्र बढ़ना, दिल का दौरा या कोरोनरी आर्टरी डिजीज, पोटेशियम का लेवल बढ़ना आदि की वजह से हार्ट में ब्लॉकेज आ सकती है। कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ना भी इसका सबसे बड़ा कारण होता है। अक्सर देखा जाता है कि ब्लॉकेज के अधिकतर लक्षणों का समय पर पता नहीं चल पाता है। यही वजह है कि अधिकतर मामलों में बिना लक्षणों के भी किसी भी समय हार्ट अटैक आ जाता है। हार्ट ब्लॉकेज का समय पर पता लगाना जरूरी है ताकि आपके पहले से ही बेहतर तरीके से निदान और इलाज में मदद मिल सके। ।ल्ः के फाउंडर और भारत के जानेमाने डॉक्टर बिमल छाजेड़ आपको बता रहे हैं कि आप एक ही दिन में इस स्थिति का कैसे पता लगा सकते हैं। डॉक्टर ने बताया कि बहुत आराम से एक दिन में ब्लॉकेज का पता चल सकता है। टेक्नोलॉजी एडवांस हो गई है आजकल बज बवतवदंतल बंद आ गई है। इसमें केवल 5 मिनट का टाइम लगता है, 5 सेकंड एक इंजेक्शन दी जाती है, 5 सेकंड एक एक्सरे लिया जाता है। इससे अंदर की सारी पिक्चर आ जाती है। इससे पता चल जाएगा कि आपका ब्लॉकेज 10, 20, 50 या 80 कितने परसेंट पहुंचा है। सबसे बड़ी बात ब्लॉकेज की लोकेशन का भी पता चल जाएगा।

## कॉफी छोड़ो ये पीना शुरू करो, आलस का नाश होगा और बनी रहेगी एनर्जी

ऑफिस में नींद आती है तो आप क्या करते हैं? अगर आपका जवाब है कि कॉफी पीते हैं, तो आपको इससे आगे बढ़ने की जरूरत है। कॉफी के अलावा और भी बहुत सारी चीजें हैं, जो दिनभर आपके शरीर में एनर्जी का लेवल मेंटेन करने में मदद कर सकती हैं। तो आइए जानते हैं कि वो कौन सी चीजें हैं, जो आपको एक्टिव रख सकती हैं और प्रोडक्टिविटी बढ़ा सकती हैं। बार्ले टी एक अच्छा विकल्प है। इसे कोरियाई जौ चाय, या रोस्टेड चाय के रूप में भी जाना जाता है। इस चाय को बनाने में भुना हुआ जौ का इस्तेमाल किया जाता है। यह चाय न सिर्फ पाचन को हेल्दी बना सकती है बल्कि ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करने और वजन घटाने में मददगार है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट खूब होता है और कैलोरी बिल्कुल भी नहीं होती। इस चाय को पीने से आपका स्ट्रेस भी दूर हो सकता है, और आप खुद को तरोताजा महसूस कर सकते हैं। नारियल पानी में अच्छी मात्रा में मिनरल्स, इलेक्ट्रोलाइट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जावान रखने में मदद कर सकते हैं।

## माइग्रेन से परेशान हैं? दवा नहीं ट्राय करें ये आयुर्वेदिक उपचार



क्या आपके सिर में दर्द रहता है? क्या ये दवा खाने के बाद भी ठीक नहीं होता है? जवाब हां में है? तो आपको इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। क्योंकि ये माइग्रेन हो सकता है। जोकि एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। इसमें तेज सिर दर्द, आंखों में जलन और उल्टी आना जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। माइग्रेन से निपटने के लिए कई तरह की दवाएं उपलब्ध है, लेकिन आयुर्वेद के इलाज से भी इससे छुटकारा पाया जा सकता है। पंचकर्म शरीर को डिटॉक्सीफाई करने की आयुर्वेदिक चिकित्सा की सबसे पुराने तरीकों में से एक है। इसमें मुख्य रूप से पांच क्रियाएं होती है, जिनमें वमन, विरेचन, नस्य, अनुवासन वस्ति, निरूह वस्ति शामिल हैं। आसान भाषा में इसे बॉडी को आंतरिक रूप से डिटॉक्स करने की आयुर्वेदिक थेरेपी कहा जा सकता है। माइग्रेन के केस में इस थेरेपी के जरिए बॉडी के टॉक्सिन रिमूव किए जाते हैं। परिणाम स्वरूप दर्द जैसी गंभीर समस्याएं धीरे–धीरे कम होती हैं। माइग्रेन का दर्द नियमित योग के जरिए भी कम किया जा सकता है। बाबा रामदेव के मुताबिक योग शरीर के साथ–साथ हमारे माइंड को भी रिलैक्स करता है। योग हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी मदद करते हैं, जिसका सीधा लाभ हमारे दिमाग पर पड़ता है। पश्चिमोत्तानासन, सेतुबंधासन, अधोमुख श्वानासन, मार्जरीआसन और बालासन कुछ बड़े उदाहरण हैं।

# सुबह उठते ही मुंह से आती है बदबू, तो हो सकता है ये खतरा


*कुछ लोगों में सुबह सोकर उठने के बाद मुंह से बदबू आने की समस्या होती है। जिसका प्रभाव कई बार रिश्तों पर भी पड़ता है। कुछ लोग मुंह से आने वाली बदबू को इग्नोर कर देते हैं और ब्रश करके कुछ देर के लिए छुटकारा पा लेते हैं। मुंह की बदबू को बहुत लंबे समय तक अनदेखा किया जाए तो यह कई बीमारियों का कारण बन सकती है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन में पब्लिश्ड रिपोर्ट के अनुसार सुबह की मुंह की बदबू क्रॉनिक ओरल प्रॉब्लम की ओर इशारा करती है। सुबह की मुंह की बदबू को को मॉर्निंग ब्रेथ, बैड ब्रेथ और मॉर्निंग माउथ स्टिक के नाम से जाना जाता है। लेकिन सुबह की मुंह की बदबू को मेडिकल टर्म में हेलिटोसिस कहा जाता है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**मुंह की बदबू क्यों आती है?**
रात को एक लंबी नींद के बाद जब आप सुबह जागते हैं, तो मुंह से बदबू आना सामान्य है। ऐसा लंबे समय तक मुंह में सूखेपन के कारण होता है। इस दौरान बैक्टीरिया मुंह में फैलने लगते हैं, जिसके कारण मुंह से सुबह उठकर बदबू आती है। जो लोग रात को खाना खाने के बाद ब्रश नहीं करते हैं।

**सुबह मुंह से बदबू का कारण**
सोने के दौरान मुंह में थूक आवश्यकता से कम बनता है, जिसके



कारण ड्राइनेस होने लगती है। ऐसा होने पर मुंह में सूखापन होने लगता और बैक्टीरिया बढ़ने लगता है। अगर आप तंबाकू जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं तो इसे पूरी तरह से बंद कर दें। यह भी मुंह से बदबू आने का एक कारण हो सकती है। इसके अलावा जिन लोगों में कब्ज, गैस और एसिडिटी की समस्या होती है, उन्हें भी सुबह मुंह की बदबू की समस्या देखी जाती है।

**मुंह की बदबू के लिए पानी पिएं**
मुंह की बदबू से छुटकारा पाने के लिए आप भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करें। इससे आपकी पूरी बॉडी डिटॉक्स होगी। यदि आपकी यह समस्या पेट की गड़बड़ी के कारण है, तो ठीक हो जाएगी।

**रात को ब्रश करके सोएं**
जिस तरह से मॉर्निंग में टूथब्रश करने की आदत है आपकी, उसे रात में भी फॉलो करें। अगर आपके माउथ का पीएच लेवल बैलेंस होगा तो यह समस्या आपको कम होगी। इसके लिए आप नियमित रूप से माउथ वॉश का इस्तेमाल करें।

**रात को ब्रश करके सोएं**
जिस तरह से मॉर्निंग में टूथब्रश करने की आदत है आपकी, उसे रात में भी फॉलो करें। अगर आपके माउथ का पीएच लेवल बैलेंस होगा तो यह समस्या आपको कम होगी। इसके लिए आप नियमित रूप से माउथ वॉश का इस्तेमाल करें।

**हानिकारक खाद्य पदार्थों के से दूर रहें**
सांसों की बदबू से बचने के आप लिए हेल्दी हैबिट्स बनायें। तंबाकू, स्मोकिंग, गुटखा, अल्कोहल एवं अन्य हानिकारक खाद्य पदार्थों के सेवन से दूर रहें। इस तरह की हेल्दी हैबिट्स को अपनाकर आप इस समस्या से बच सकते हैं।



रोहित शर्मा को छोड़ा पीछे

जायसवाल ने एक पारी में सर्वाधिक 12 छक्के लगाने के वसीम अकरम के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके अलावा उन्होंने एक टेस्ट सीरीज में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में रोहित शर्मा के 19 छक्के को पीछे छोड़ दिया। जायसवाल अभी तक 22 सिक्स लगा चुके हैं। उन्होंने एंडरसन के ओवर में सिक्स की हैट्रिक लगाई थी।

## यशस्वी जायसवाल की इस अदा पर फिदा हुए एलिस्टर कुक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने यशस्वी जायसवाल की खूब तारीफ की है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर की तुलना जायसवाल की राजकोट की पारी से की। कुक ने बताया कि उन्होंने जितने सिक्स अपने पूरे टेस्ट करियर में जड़ें हैं, जायसवाल ने एक ही मैच में जड़ दिए। गौरतलब हो कि राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में थे। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ने अपना लगातार दूसरा दोहरा शतक जमाया। वह, विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बन गए। जायसवाल की पारी का मुख्य आकर्षण उनकी पारी के दौरान लगाए गए रिकॉर्ड छक्के थे। उनकी 214 रन की पारी में 12 छक्के और 14 चौके शामिल थे। उनके सिक्स लगाने की अदा पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक फिदा हो गए। कुक ने कहा, यशस्वी जयसवाल ने एक पारी में मेरे पूरे करियर की तुलना में अधिक छक्के लगाए। बता दें कि कुक ने 2018 में टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया था। 161 टेस्ट मैचों में कुक ने 11 छक्कों के साथ 46.95 की औसत से 12,472 रन बनाए हैं।

# टीम इंडिया ने इंग्लैंड की गलतियों का उठाया बंपर फायदा

क्रिकेट

## राजकोट में रिकॉर्ड जीत के साथ सीरीज में बनाई बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को राजकोट टेस्ट में 434 रनों से हरा कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत की यह रनों के लिहाज से सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। वहीं, इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी हार थी। राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति पूरी तरह से फेल रही। इंग्लैंड की हार में तीन अहम कारण रहे।

इंग्लैंड की टीम बैजबॉल की रणनीति को लेकर काफी चर्चित है, लेकिन राजकोट में टीम इंडिया के सामने सब फ्लॉप होता दिखा। एक तो जहां, यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड की हार के बड़े कारण बने तो वहीं, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की रणनीति ही उन पर भारी पर गई।

इंग्लैंड की पारी में देखें तो बेन डकेट ने 153 रन की पारी खेली।



ओली पोप पहले टेस्ट मैच के बाद से फ्लॉप चल रहे हैं। कप्तान स्टोक्स ने पहली पारी में 41 रन का योगदान दिया था। वहीं, पहली पारी में पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं पार सके थे। दूसरी पारी की बात करें तो इंग्लैंड के बल्लेबाज तू चल में आया की तर्ज पर बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दिए। टॉप ऑर्डर के चार बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सके। टॉप ऑर्डर के पांच बल्लेबाज मिलकर 29 रन ही बना सके थे। दूसरे पारी में कोई इंग्लिश बल्लेबाज 40 का स्कोर तक नहीं कर सका। मार्क वुड ने सर्वाधिक 33 रन बनाए।

भारत की अपेक्षा इंग्लैंड के स्पिनर्स अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके। पहले टेस्ट मैच की एक पारी में सात विकेट लेने वाले टॉम हार्टली को विकेट जैसे मिल ही नहीं रही है। तीसरे टेस्ट मैच में रेहान अहमद, जो रूट और टॉम हार्टली ने मिलकर सिर्फ चार विकेट निकाले थे। दूसरी पारी में रेहान और अहमद को एक–एक विकेट मिले। कमजोर गेंदबाजी का भारतीय बल्लेबाजों ने जमकर फायदा उठाया और खूब रन बटोरे। खासकर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लिश गेंदबाजी की खूब पिटाई की।

इंग्लैंड के कप्तान की बैजबॉल की रणनीति राजकोट में पूरी तरह से फेल नजर आई। इंग्लैंड की पहली पारी जहां 319 रन बनाकर ऑल आउट हो गई तो वहीं, आक्रामक खेलने की वजह से दूसरी पारी महज 122 रन पर सिमट गई।

# एकमात्र अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी ने लिया संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विदर्भ के सबसे सफल कप्तान ने रविवार को घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। वीसीए सिविल लाइंस स्टेडियम में हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के चौथे दिन सोमवार को दो दशकों से अधिक के शानदार करियर में आखिरी बार मैदान पर उतरे। फैज फजल ने दो बार विदर्भ को ट्रॉफी जिताई है।

वीसीए सिविल लाइंस स्टेडियम में जब फैज फजल विदर्भ के लिए आखिरी बार बल्लेबाजी करने उतरे तो दोनों टीमों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। 18 साल की उम्र में 17 दिसंबर 2003 को विदर्भ क्रिकेट ग्राउंड पर अपना पहला रणजी मैच खेला था। रणजी ट्रॉफी में डेब्यू करते हुए फैज ने 151 रन बनाए

### 21 साल पहले रणजी ट्रॉफी में किया था डेब्यू

थे। रेलवे में कुछ समय के लिए स्थानांतरित होने के बाद फैज वापस विदर्भ में आ गए।

वीसीए द्वारा जारी एक बयान में फैज ने कहा, विदर्भ क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करना एक बहुत बड़ा सम्मान है, मैं उन अनुभवों और यादों के लिए बेहद आभारी हूं जो मैंने वर्षों से जमा किए हैं। हालांकि, जब मैं अपने करियर और व्यक्तिगत आकांक्षाओं पर विचार करता हूं, तो यह निर्णय आसान नहीं है, लेकिन मुझे विश्वास है कि यह मेरे व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए सही कदम है।

गौरतलब हो कि फैज ने उस टीम का नेतृत्व किया जिसने विदर्भ क्रिकेट का स्वर्णिम अध्याय लिखा। उन्होंने 2017–18 और 2018–19 में विदर्भ को रणजी ट्रॉफी और ईरानी कप जीत दिलाई। फैज ने कोच चंद्रकांत पंडित के साथ मिलकर विदर्भ को घरेलू सर्किट में कमजोर टीम से एक ताकतवर टीम में बदल दिया। फैज ने केवल एक अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच खेला है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने पहले वनडे इंटरनेशनल मैच में नाबाद 55 रन बनाए। अपनी दृढ़ बल्लेबाजी के साथ फैज को जूनियर क्रिकेट में 2004 में अंडर–19 वर्ल्ड कप के लिए उन्हें शिखर धवन के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में भारतीय टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, एक दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। फैज को इंडिया कैप के लिए अगले 12 साल तक इंतजार करना पड़ा।

## गंभीर ने बताया आईपीएल में किस खिलाड़ी से उन्हें लगाता था डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने उस बल्लेबाज के नाम का खुलासा किया है, जिससे वह इंडियन प्रीमियर लीग के दिनों में सबसे ज्यादा डरते थे। कोलकाता नाइट राइडर्स को लिए दो बार आईपीएल जीतने वाले गंभीर ने कहा है कि उन्हें आईपीएल के दिग्गज क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स का डर नहीं था। आईपीएल 2024 सीजन से पहले स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक बातचीत में, गंभीर ने खुलासा किया कि वह रोहित शर्मा थे, जिनके बारे में वह ज्यादातर समय सोचते थे। गंभीर ने कहा कि रोहित शर्मा के साथ मैच को लेकर उनकी रातों की नींद उड़ जाती थी। गंभीर ने यह भी कहा कि रोहित को रोकना बहुत मुश्किल होता था। गंभीर ने कहा, एकमात्र खिलाड़ी जिसने मेरी रातों की नींद हराम कर दी है। क्रिस गेल नहीं, एबी डिविलियर्स नहीं, सिर्फ रोहित शर्मा ने ही आईपीएल में मेरी रातों की नींद उड़ाई है। रोहित के साथ, मुझे पता था कि मेरे पास प्लान ए, प्लान बी और शायद प्लान सी भी होना चाहिए।

## न्यूज डायरी



### रांची टेस्ट में नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह, टीम इंडिया ने बाहर रखने का किया फैसला!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजकोट। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के साथ जारी टेस्ट सीरीज से ब्रेक लेंगे। पहले कहा जा रहा था कि वह राजकोट में होने वाले तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। लेकिन बुमराह उस मैच में उतरे। अब वह रांची में होने वाले अगले टेस्ट में आराम करेंगे। वह धर्मशाला में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट में खेलेंगे या नहीं, यह अभी तय नहीं है और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। भारतीय टीम मंगलवार को राजकोट से रवाना होगी, लेकिन बुमराह के उनके साथ जाने की उम्मीद नहीं है। इसके बजाय वह सोमवार को ही अहमदाबाद के लिए ड्राइव करेंगे, जो राजकोट से चार घंटे की दूरी पर है। क्रिकबज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। किसी अन्य खिलाड़ी के अगला टेस्ट छोड़ने की सूचना नहीं है। बुमराह को आराम देने का फैसला भारतीय टीम की वर्कलोड मैनेजमेंट रणनीति का हिस्सा है। बुमराह वर्तमान में 13.64 की औसत से 17 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह अब तक तीन मैचों में 80.5 ओवर फेंक चुके हैं। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के लिए मोहम्मद सिराज को आराम दिए जाने की तरह, बुमराह के लिए किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के बारे में कोई तत्काल जानकारी नहीं है। मुकेश कुमार, जिन्हें अपने राज्य बंगाल के लिए रणजी खेलने के लिए तीसरे टेस्ट से रिलीज किया गया था, रांची में टीम में फिर से शामिल होंगे।

### बाबर आजम ने पीएसएल में रचा इतिहास, 3000 रन बनाने वाले बने पहले बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पाकिस्तान सुपर लीग में इतिहास रच दिया। बाबर पीएसएल के इतिहास में 3,000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ 29वां रन बनाते ही बाबर ने यह उपलब्धि हासिल की। बाबर पीएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कोई भी अन्य खिलाड़ी पाकिस्तान के पूर्व कप्तान के आस–पास भी नहीं है। हालांकि, रविवार की पारी ने बाबर को टी20 क्रिकेट में कुल मिलाकर 10,000 रन के और करीब पहुंचा दिया है। बाबर के नाम पर वर्तमान में 9,926 रन हैं और 74 और रन बनाने से वह इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 13वें खिलाड़ी बन जाएंगे और शोएब मलिक के बाद ऐसा करने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी होंगे। बात करें मैच की तो बाबर की टीम पेशावर जाल्मी को क्वेटा ग्लैडिएटर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पेशावर को 207 रन का लक्ष्य दिया था। बाबर ने 42 गेंद पर 68 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 42 रनों की तेज पारी खेली। हालांकि, जाल्मी को 16 रन से यह मैच गंवाना पड़ा। गौरतलब हो कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान की हार के बाद बाबर आजम को अपनी कप्तानी से हाथ धोना पड़ा था। हार की जिम्मेदारी लेते हुए बाबर आजम ने कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया था। अब वह टीम में बतौर सीनियर खिलाड़ी के रूप में खेलते हैं।

### रणजी ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन ने तेंदुलकर ने लूटी महफिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के राउंड–7 में गुजरात ने गोवा को सात विकेट से हराया। गुजरात की जीत जहां चर्चा का विषय रहा तो वहीं, सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने अपने प्रदर्शन से महफिल लूट ली। मैच के बाद भी उनके प्रदर्शन पर लगातार चर्चाएं हुईं। तेंदुलकर ने अपने घरेलू करियर में गेंदबाजी में बेस्ट प्रदर्शन किया। गौरतलब हो कि गोवा ने गुजरात को जीत के लिए महज 115 रन का लक्ष्य दिया था। जिसे गुजरात ने 29.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। आदित्य पटेल और हेत पटेल ने चौथे विकेट के लिए 68 रनों की नाबाद साझेदारी करके गुजरात की जीत सुनिश्चित की। जहां तक अर्जुन तेंदुलकर की बात है तो गोवा की तरफ से अर्जुन का प्रदर्शन काबिल–ए–तारीफ रहा। तेंदुलकर ने 6 मैचों में 23.45 के औसत और 57.84 के स्ट्राइक–रेट के साथ 2 अर्धशतकों के साथ 258 रन बनाए हैं। उनके नाम 70 का हाईस्कोर रहा। उन्होंने 3.40 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट भी लिए हैं। गुजरात के खिलाफ करियर बेस्ट चार विकेट लिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने गुजरात के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।


सचिवालय के कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारम्भ करते हुए सीएस।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा की पांचों सीटों पर रिकार्ड मतों से जीतेगी भाजपा

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य से विशेष लगाव है और देवभूमि की जनता एक बार फिर उन्हीं पर भरोसा जताएगी। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सोमवार को नई दिल्ली से लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य की जनता प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पांचों सीटों पर भाजपा को जिताएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के दौरान प्रधानमंत्री ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिन नई ऊर्जा, उमंग, उत्साह और विश्वास के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

### जनसुनवाई में 102 शिकायत हुई प्राप्त

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 102 शिकायत प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायत भूमि संबंधी प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण, निजी भूमि पर बाहरी व्यक्तियों को बसाने, लम्बे समय से सड़क न बनने, आर्थिक सहायता दिलाने, भरण पोषण, जल निगम, जल संस्थान, एमडीडीए, पुलिस, आदि विभागों से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई।

### मसूरी में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी में सोमवार दोपहर बाद बारिश के साथ ही ओलावृष्टि हुई। इससे सर्द हवाएं चलने लगी। इससे पहले सुबह के समय हल्की धूप खिली थी। बदले मौसम में लोगों को फिर से बर्फबारी की उम्मीद है। मसूरी में सुबह धूप खिलने के बाद दिन में मौसम बदला और ओलावृष्टि शुरू हो गई। तीन बजे बाद यहां बारिश के साथ सर्द हवाएं चलने लगी। इससे बाजार में सन्नाटा छा गया। वहीं स्कूली बच्चों को छुट्टी के वक्त परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि शाम पांच बजे फिर से मौसम साफ हुआ और धूप खिलने के बाद माल रोड पर काफी भीड़भाड़ दिखने लगी।

### मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर कीमती मोबाइल चोरी

**संवाददाता** देहरादून। मोबाइल दुकान का शटर एक किनारे से उखाड़कर कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिए। वारदात घंटाघर से कुछ कदम की दूरी आरजीएम प्लाजा स्थित मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में हुई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। आयुष की आरजीएम प्लाजा में मोबाइल रिपेयरिंग की मोबाइल सॉल्यूशन प्वाइंट नाम से दुकान है। उन्होने सोमवार सुबह देखा तो दुकान के शटर का एक हिस्सा उखड़ा हुआ था।

# हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री आवास में हिमालयन बास्केट का शुभारंभ किया

■ उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को उपलब्ध करा रहे रोजगारः सीएम

**संवाददाता**





देहरादून। मुख्यमंत्री ने चंपावत से वर्चुअल रूप से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरुआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। उन्होंने कहा कि सुमित पेशे से एक इंजीनियर हैं और स्नेहा एक मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण, दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया।

हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग–अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं। उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। क्योंकि चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है और दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार और जिला प्रशासन की मदद से दोनों को बागवानी कोल्ड स्टोर लीज पर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं हमारी सरकार उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं। इसके लिए हमें चाहिए कि चंपावत के जो भी उत्पाद हैं, वो सभी आदर्श होने चाहिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने हिमालयन बास्केट का किया शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री ने चंपावत से वर्चुअल रूप से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरुआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। उन्होंने कहा कि सुमित पेशे से एक इंजीनियर हैं और स्नेहा एक मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण, दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग–अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं। उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। क्योंकि चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है और दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार और जिला प्रशासन की मदद से दोनों को बागवानी कोल्ड स्टोर

# राजधानी की सड़कों पर दिखा किसानों का आक्रोश

**प्रदर्शन**

■ मंडी में की तालाबंदी, प्रदर्शन के चलते लगा जाम

**संवाददाता**



देहरादून। राजधानी देहरादून में किसानों ने निरजंनपुर मंडी गेट पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि लंबे समय से किसानों का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। किसानों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी कर नाराजगी जताई।

सोमवार को निरंजनपुर मंडी में बकाया भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन फेल्फेयर फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने तालाबंदी की। यहां किसानों के प्रदर्शन के कारण सड़क जाम हो गई। निरंजनपुर मंडी में धरना प्रदर्शन के बीच दोनों गेट पर किसानों ने ताला लगा दिया। भाकियू पदाधिकारी ने कहा कि भुगतान लिए बिना वह नहीं उठेंगे। जब तक भुगतान नहीं होगा तालाबंदी जारी रहेगी

किसानों ने मंडी के दोनों गेटों पर ताला लगा दिया। इससे परेशान लोगों ने ताला तोड़ने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस लोगों को रोकने का प्रयास कर रही। वहीं एमएसपी की कानूनी गारंटी पर रविवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच चौथे दौर की बैठक हुई। इसमें केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गई है। केंद्र के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि वह सभी संगठनों से बात कर आज इस पर अंतिम फैसला बताएंगे। वहीं हरियाणा के बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं।

वहीं पटियाला में कैप्टन अमरिंदर के घर के बाहर दो दिन से प्रदर्शन कर रहे एक किसान की मौत हो गई है। आंदोलन में ये तीसरे किसान की मौत है। इसके अलावा शंभू बॉर्डर पर तैनात एक एसआई की भी मौत हो चुकी है।

### सीएस ने कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारम्भ किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय के कार्मिकों के लिए सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सचिवालय के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारम्भ किया। इस बस सेवा के माध्यम से नियमित रूप से सुबह कार्यालय समय पर सचिवालय के कार्मिकों को सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सुभाष रोड सचिवालय तथा शाम को सचिवालय से सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम के लिए यात्रा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि सचिवालय कार्मिकों के लिए इस इलेक्ट्रिक बस सेवा के संचालन से कार्मिक लाभान्वित होंगे तथा साथ ही देहरादून की ट्रैफिक समस्या को कम करने में सहायता मिलेगी। ट्रैफिक समस्या के समाधान तथा पर्यावरण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए लोगों की सुविधाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।